* हिंदी प्रशिक्षण कक्षाएं *

एनआईपीएचएम में प्राज्ञ परीक्षाओं का आयोजन :

अगस्त से नवंबर, 2020 तक की अवधि के दौरान संस्थान के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण उप संस्थान (सीएचटीआई), सिकंदराबाद द्वारा ऑन लाइन के माध्यम से प्राज्ञ प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया था । इस प्रशिक्षण की वार्षिक परीक्षा आयोजित की गई और परीक्षा केंद्र राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, राजेंद्रनगर-हैदराबाद में आयोजन किया गया । जिसमें एनआईपीएचएम के 15 एवं अन्य कार्यालय से 03 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं अच्छे अंकों के साथ सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए हैं ।



(परीक्षा केंद्र के रूप एनआईपीएचएम में प्रज्ञा प्रशिक्षण परीक्षाओं का आयोंजन)

वर्ष 2021 के दौरान जनवरी से मई, 2021 अवधि के दौरान एनआईपीएचएम के 06 प्रतिभागी प्रबोध पाठ्यक्रम प्रशिक्षण हेतु एवं 03 प्रतिभागी प्रबोध पाठ्यक्रम प्रशिक्षण हेतु कुल 09 कर्मचारियों एवं अधिकारियों को हिंदी प्रशिक्षण के लिए नामित किया गया है ।

एनआईपीएचएम में हिंदी कक्षा का आयोजन :

संस्थान में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए एमटीएस एवं अन्य कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से आयोजन किया जा रहा है । इस कक्षा में हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन, श्रुतलेखन एवं अन्य गतिविधियों आदि संबंधी हिंदी विषयों पर हिंदी कक्षा का आयोजन किया जा रहा है । यह प्रक्रिया आगे भी जारी है ।

(एनआईपीएचएम में हिंदी कक्षा का आयोजन)

*****